11/656/2016

SECOND TERM-END EVALUATION 2016-2017

B

Third Language
Hindi

Std. X

Score : 40
Time : 90 minutes

सामान्य सूचना :

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : पेड़ों पर लिखी हुई यह कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रो रो कर पुकार रहा हूँ
हमें ज़मीं से मत उखाड़ो।
इस धरा की सुंदर छाया
हम पेड़ों से बनी हुई है।
मधुर-मधुर ये मंद हवाएँ
अमृत बनके चली हुई हैं।
हमीं से सुंदर जीवन मिलता
बुरी नज़र मुझपर मत डालो।

1. इस कवितांश के लिए एक उचित शीर्षक दें। 1
2. यह आशयवाली दो पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।
   'इस पृथ्वी की हरीतिमा हम पेड़ों के कारण है।' 2
3. इस कवितांश का आशय लिखें। 3

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...

4. 'माँ उसे लेने आई' वाक्य के '**उसे**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1

(यह, वे, वह)

5. दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ क्यों बजाई? 2

6. अगले दिन स्थानीय अखबारों में इस घटना पर रपट आई। वह रपट तैयार करें। 4

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

7. 'चमक उठी घर भर की आँखें' - इसका क्या मतलब है? 2

8. कवितांश के आधार पर सही मिलान करें। 3

घर के अंदर	चमक उठीं
कौए ने	दाने आए
घर भर की आँखें	पाँखें खुजलाई

9. अकाल के बाद की हालत का चित्रण कवि ने कैसे किया है? कवितांश के आधार पर लिखें। 3

सूचना : 'जैसलमेर' यात्रा वृत्त का यह अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अब तो सारी सीमा पर तारबंदी हो गई है। एक तरफ़ से दूसरी तरफ़ जाना बहुत मुश्किल है। लेकिन देखो तो दोनों ओर एक जैसा ही सब कुछ दिखता है। ज़मीन एक, धूप एक, रूखापन एक, धूल भरी हवाएँ एक... देखकर लगा कि फिर अलग क्या है? पानी की किल्लत और ज़रूरतें दोनों तरफ़ एक जैसी हैं। अब तो जानवर भी दूसरी तरफ़ घास चरने नहीं जा सकते।

10. अब तो जानवर भी दूसरी तरफ़ घास चरने क्यों नहीं जा सकते? 1

- सीमा पर तारबंदी हो गई है।
- पानी की किल्लत और ज़रूरतें एक जैसी है।
- एक जैसा सब कुछ दिखता है।

11. इस खंड के आधार पर सीमा की दोनों तरफ़ की समानताएँ लिखें। 2

12. 'दोनों ओर एक जैसा ही सब कुछ दिखता है।'

- लेखक के इस कथन पर अपना विचार लिखें। 3

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा- हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? ..... चोरी ये करें, जाल फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें... कभी गाँव में आ जाती हूँ, तो रस-भरी आँख से देखने लगते हैं। जैसे सबकी छाती पर साँप लोटने लगता है, परंतु घमंड यह है कि हम ऊँचे हैं।

13. यहाँ किस सामाजिक समस्या के बारे में चर्चा हुई है?
(बेकारी, भ्रष्टाचार, जाति-प्रथा) 1

14. ऊँच-नीच के भेद-भाव पर आपका विचार क्या है? लिखें। 2

15. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी के आधार पर गंगी की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें। 3

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सूरज जब चौखंभा के शिखर से उगता है तब जेठ की गर्मी चरम पर होती है। इन दोनों पर्वतों के बीच खड़े नंदा पर्वत के आसपास सूरज की उपस्थिति मेरे गाँव में बसंत के बौराने का प्रतीक है। दादी कहती थीं- जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा।

16. **'शिखर'** शब्द के बदले **'चोटी'** शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

सूरज चौखंभा के **शिखर** से उगता है।

17. 'जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा।'
-दादी के इस कथन से आपने क्या समझा? लिखें। 2

18. 'मनुष्य और प्रकृति का संबंध अटूट है।' इस आशय पर आधारित एक पोस्टर तैयार करें। 4

****